भारत स्मार्ट सिटी मिशन

राष्ट्र-रूपांतरण मिशन

स्मार्ट सिटी चुनौती

चरण 2

स्मार्ट सिटी प्रस्ताव (एससीपी) प्रारूप

	विषय-सूची	प्रश्न संख्या	पृष्ठ संख्या
क	नगर स्तरीय मानदंड	प्रश्न 1-8	5-6
ख	क्षेत्र आधारित प्रस्ताव	प्रश्न 9-18	6-9
ग	पैन-सिटी प्रस्ताव	प्रश्न 19-30	10-12
घ	कार्यान्वयन योजना	प्रश्न 31-36	12-14
ङ	वित्तपोषण योजना	प्रश्न 37-42	14-15
च	अनुलग्नक		

निर्देश

1. इस दस्तावेज़ को शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी स्मार्ट सिटी मिशन दिशा-निर्देशों के साथ पढ़ा जाना चाहिए। एससीपी प्रारूप का एक इलेक्ट्रोनिक संस्करण वेबसाइट <smartcities.gov.in> पर भी उपलब्ध है। 'Downloads' > 'Memos' पर जाएं।
2. सभी प्रत्युत्तर दी गई शब्द सीमाओं के भीतर होने चाहिए। फॉन्ट का आकार 12 एरियल, 1.5 की स्पेसिंग, बाईं ओर लिखे हुए पैराग्राफ में एक इंच के हाशिए/मार्जिन के साथ होने चाहिए। सभी अतिरिक्त जानकारी को अनुलग्नक 3 के तौर पर 20 की संख्या में ए-4 आकार के कागज में प्रदान की जानी चाहिए।
3. क्षेत्र-आधारित प्रस्तावों के लिए केवल एक 'क्षेत्र' का चयन किया जाना चाहिए। चयनित किया गया क्षेत्र एक या अधिक प्रकार के क्षेत्र-आधारित विकासों का मिश्रण हो सकता है। यह जीर्णोद्धार हो सकता, पुनर्विकास अथवा ग्रीनफील्ड मात्र हो सकता है अथवा इनका मिश्रण भी, लेकिन इस प्रकार निरूपित क्षेत्र सन्निहित होने चाहिए न कि शहर के अलग-अलग स्थानों पर।
4. क्षेत्र-आधारित विकास में मिशन दिशानिर्देश के **पैरा 6.2 में निर्दिष्ट सभी आवश्यक विशेषताएं शामिल होने चाहिए**। कृपया निम्नलिखित चेकलिस्ट को भरें।

क्र. सं.	आवश्यक विशेषताएं	टिक यदि शामिल हैं	एससीपी का पैरा संख्या
1	स्मार्ट सिटी की सौर से प्राप्त होने वाली ऊर्जा आवश्यकता की कम से कम 10% आश्वस्त विद्युत आपूर्ति।		
2	पर्याप्त जल आपूर्ति जिसमें अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण तथा स्टॉर्म वाटर का पुनः उपयोग सम्मिलित हो।		
3	स्वच्छता जिसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शामिल हो		
4	वर्षा जल संवर्धन		
5	स्मार्ट मापन		
6	मजबूत आईटी कनेक्टीविटी तथा डिजिटलीकरण शामिल हो		
7	पैदल चलने वालों के अनुकूल रास्ते		
8	गैर-मोटरीकृत परिवहन को प्रोत्साहन (अर्थात् चलना और साइकिल चलाना)		
9	आसूचित यातायात प्रबंधन		
10	वाहन-रहित मार्ग/जोन		
11	स्मार्ट पार्किंग		

12	ऊर्जा कुशल सड़क प्रकाश व्यवस्था		
13	खुले स्थानों का नवोन्वेषी उपयोग		
14	क्षेत्र में दिखाई देने वाले सुधार		
15	नागरिकों की सुरक्षा खासकर बच्चों, महिलाओं और उम्रदराज लोगों की		
16	कम से कम 80% भवन ऊर्जा कुशल होने तथा हरित भवन होने चाहिए (पुनर्विकास तथा ग्रीनफील्ड केवल के लिए अतिरिक्त)		
17	ग्रीनफील्ड विकास में कुल आवास प्रदान किया जाना, वहां कम से कम 15% किफायती आवास की श्रेणी में होने चाहिए। (ग्रीनफील्ड मात्र के लिए अतिरिक्त)		
18	अतिरिक्त 'स्मार्ट' अनुप्रयोग।		

5. पैन सिटी स्मार्ट समाधान को सूचना-प्रौद्योगिकी सक्षम होना चाहिए और इसे अभिशासन अथवा सार्वजनिक सेवाओं में सुधार लाना चाहिए। शहर एक या दो ऐसे स्मार्ट समाधान(नों) को प्रस्तावित कर सकते हैं।

6. प्रस्ताव को विश्वसनीय बनाने के लिए, सभी दावों को सरकारी आदेश, परिषद संकल्पों, कानूनी परिवर्तनों इत्यादि द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए और ऐसे समर्थित दस्तावेजो को अनुलग्नक 4 में संलग्न किया जाना चाहिए।

स्कोरिंग डिवीजन

कुल 100 अंक

नगर स्तरीय: 30

क्षेत्र आधारित विकास: 55

पैन सिटी सोल्यूशन: 15

नगर स्तरीय मानदंड: 30%

क्र. सं.	मानदंड	%
1.	विजन और लक्ष्य	5
2.	रणनीतिक योजना	10
3.	नागरिकों को शामिल करना	10
4.	विकास के लिए बेसलाइन, केपीआईएस, आत्म मूल्यांकन और क्षमता	5

क्षेत्र आधारित विकास (एबीडी): 55%

क्र. सं.	मानदंड	%
1.	प्रस्ताव की स्मार्टनेस	7
2.	नागरिकों को शामिल करना	5
3.	परिणाम अभिविन्यास	15
4.	प्रक्रिया का पालन	3
5.	व्यवहार्यता और लागत प्रभावशीलता सहित कार्यान्वयन ढांचा	25

पैन-सिटी सोल्यूशन: 15%

(यदि एक से अधिक सोल्यूशन प्रस्तावित किए गए हैं तो प्रत्येक प्रस्तावित सोल्यूशन को अलग से वर्गीकृत किया जाएगा और शहर को दो सकल अंकों के औसत का कुल 15% महत्व दिया जाएगा)

क्र. सं.	मानदंड	%
1.	सोल्यूशन की स्मार्टनेस	7
2.	नागरिकों को शामिल करना	5
3.	परिणाम अभिविन्यास	15
4.	प्रक्रिया का पालन	3
5.	व्यवहार्यता और लागत प्रभावशीलता सहित कार्यान्वयन ढांचा	25

नगर स्तरीय मानदंड

1. पिछले तीन वर्षों में, रहन-सहन, स्थिरता और आर्थिक विकास में सुधार के लिए शहर द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं? केपीआई में सुधार के साथ विशिष्ट उदाहरण दें जो पब्लिक डोमैन में हैं और/या उनकी पुष्टि की जा सकती है। आपके उत्तर में शामिल होना चाहिए, (आंकड़ों के स्रोत की जानकारी देते हुए प्रत्येक का अधिकतम 50 शब्दों में वर्णन करें) लेकिन यह:

    क) शहर में परिवहन की स्थिति

    ख) शहर में पानी की उपलब्धता और पानी की बर्बादी/एनआरडब्ल्यू में कमी

    ग) शहर में ठोस कचरा प्रबंधन कार्यक्रम

    घ) शहर में सुरक्षा/रक्षा की स्थिति

    ङ) ऊर्जा की उपलब्धता और शहर में कटौती में कमी

    च) शहर में आवास की स्थिति, भवन योजना अनुमोदन में नगर निगम की विशिष्ट भूमिका, संपत्ति कर संग्रहण में बढ़ोतरी, आदि तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए।

2. पिछले तीन वर्षों में, सूचना और संचार तकनीक (आईसीटी) के प्रयोग के कारण प्रशासनिक क्षमता में क्या बदलाव आया है (आंकड़ों के स्रोत के बारे में जानकारी देते हुए प्रत्येक के बारे में अधिकतम 50 शब्दों में जानकारी दें):

    क) पदाधिकारियों की कुल उपस्थिति

    ख) नागरिकों और प्रशासन के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान

    ग) सांविधिक दस्तावेजों तक बिना किसी रुकावट के पहुंच बनाने के लिए ई-गोवर्नमेंट का प्रयोग

    घ) डैशबोर्ड जिसमें आंकड़ों का विश्लेषण और दृश्य को एक साथ दिखाया गया हो

    ङ) नागरिकों से संबद्ध मूलभूत जानकारी की उपलब्धता

3. विस्तृत शहर प्रोफाइल के आधार पर, शहर की मजबूती और विकास के क्षेत्र क्या हैं? सभी संबद्ध मेट्रिक्स और डाटा के साथ शहर का विस्तृत स्वोट विश्लेषण। (अधिकतम 1000 शब्द)

4. स्वोट विश्लेषण के आधार पर, शहर को और अधिक रहने योग्य और धारणीय बनाने के लिए अगले 5-10 वर्षों में इसके रणनीतिक केंद्र बिंदु और रणनीतिक ब्लूप्रिंट क्या होने चाहिए? (अधिकतम 500 शब्द)

5. रणनीतिक ब्लूप्रिंट के आधार पर शहर का विजन क्या होना चाहिए? विजन विवरण शहर की प्रोफाइल और आपके शहर में मौजूद अनूठी चुनौतियों और अवसरों से किस प्रकार से विशेष रूप से संबद्ध है? शहर के लिए समस्त आकांक्षाओं और लक्ष्यों का वर्णन करने के साथ-साथ अगले 5-10 वर्षों में रहन-सहन और धारणीयता में सुधार के मुख्य मेट्रिक्स का आप किस प्रकार आकलन करते हैं? (अधिकतम 1000 शब्द)

6. अपने विजन और लक्ष्यों को परिभाषित करने के साधन के रूप में शहर ने नागरिक भागीदारी का किस प्रकार लाभ उठाया है? विशेष रूप से उल्लेख करें: (प्रत्येक के लिए अधिकतम 150 शब्द):

   क) विजन और लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नागरिकों की भागीदारी की सीमा

   ख) नागरिकों से उत्तम परिणाम प्राप्त करने के लिए शामिल करने की रणनीति

   ग) नागरिकों को शामिल करने के लिए अपनाए गए विभिन्न साधन

   घ) विभिन्न मीडिया और चैनल्स में नागरिकों के विचारों का शामिल करना

   ङ) समग्र दृष्टि में नागरिकों से प्राप्त निविष्टियों का समावेश

7. अनुलग्नक-2 (कॉलम 'एच') में दिये गए स्व: मूल्यांकन मापदंड के आधार पर अपने शहर के लिए आधार-रेखा का उल्लेख करें। अंक, अपने शहर के बारे में आप कितना जानते हैं, इस आधार पर दिये जाएंगे (जहां तक संभव को कितनी भी केपीआई और "हार्ड मेट्रिक्स" के साथ अनुलग्नक-2 में दी गई स्व: मूल्यांकन शीट में कॉलम 'आई' भरें, प्रति कोष्ठक अधिकतम 50 शब्द)।

8. विजन विवरण से मिली जानकारी के अनुसार, गुणात्मक या मात्रात्मक परिणामों का आकलन करें जो अनुबंध 2 में वर्णित (स्तंभ 'जे') स्मार्ट सिटी की प्रत्येक सुविधा को प्राप्त करने की आवश्यकता है। कॉलम 'के' में सबसे बड़ी एकल पहल/समाधान का वर्णन करें जो 'उन्नत' विशेषताएं (उदाहरण के लिए एक्स की उपस्थिती द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा सृजन के अंश में बढ़ोतरी) प्राप्त करने के लिए शहर में प्रत्येक सुविधा प्राप्त करेगा। कृपया नोट करें कि एक अकेली पहल/समाधान अनेक सुविधाओं पर प्रभाव डाल सकता है (उदाहरण के लिए सार्वजनिक स्थलों में सुधार से सड़कों पर भीड़-भाड़ कम करने के साथ-साथ जन स्वास्थ्य में भी सुधार हो सकता है। (अनुलग्नक 2 में भरें; प्रति कोष्ठक अधिकतम 50 शब्द)

क्षेत्र आधारित प्रस्ताव

क्षेत्र आधारित प्रस्ताव, प्रस्ताव का मुख्य कारक है। एक क्षेत्र आधारित प्रस्ताव में शहर के उस क्षेत्र को चिह्नित किया जाएगा जिसे डेस्क अनुसंधान, विश्लेषण, जन प्रतिनिधियों, प्रसिद्ध

नागरिकों के साथ बैठकों और नागरिकों की भागीदारी के माध्यम से चुना गया है, क्योंकि विकास के तीनों प्रकार: रेट्रोफिटिंग (अधिकतम 500 एकड़), पुनर्विकास (अधिकतम 50 एकड़) अथवा हरित क्षेत्र विकास (अधिकतम 250 एकड़), में से किसी एक के लिए उपयुक्त स्थान। इस क्षेत्र को 'स्मार्ट' क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें मिशन दिशानिर्देशों में निर्धारित सभी आवश्यक सुविधाओं/कारकों को शामिल किया जाएगा और इसमें आवश्यक तथा उपयुक्त समझे जाने वाली अतिरिक्त विशेषताओं को भी शामिल किया जा सकता है।

सूचना और डाटा का मानचित्रण आपके स्मार्ट सिटी प्रस्ताव का एक मुख्य भाग है। सभी संबद्ध प्रणालियों और नेटवर्क के साथ, आज जिस भी स्थिति में हैं, इसकी सभी भौतिक, प्रशासनिक और अन्य विशेषताओं, जैसे कि प्राकृतिक सुविधाओं, विरासत वाले क्षेत्रों, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों, मलिन बस्तियों, आदि को दर्शाते हुए अपने शहर का एक उपयुक्त आधार मानचित्र बनाएं। आधार मानचित्र में क्षेत्रीय संदर्भ को दर्शाना चाहिए जिसमें आपका शहर स्थित हो और उसमें अपने शहर के स्थानिक और भौतिक लेआउट/आकृति विज्ञान, गलियों के नेटवर्क, खुले और हरे स्थानों, भौतिक सुविधाओं और लैंडमार्क और अवस्थापना, परिवहन, जल, अपवाह तंत्र, विद्युत संवितरण और सृजन, और आदि सहित, को शामिल करना चाहिए।

आधार मानचित्र का उपयोग करते हुए, आपके पास उपलब्ध सबसे प्रभावशाली पद्धति के साथ क्षेत्र आधारित विकास के लिए चुने गए 'क्षेत्र' के बारे में जितनी भी सूचना और डाटा हो सके, उपलब्ध कराएं। **केवल एक 'क्षेत्र' का चयन किया जाना चाहिए और एक नक्शे के रूप में संलग्न करना चाहिए, जिसमें स्थानिक और भौतिक लेआउट/आकृति विज्ञान, गलियों के नेटवर्क, खुले और हरे स्थानो, भौतिक सुविधाओं और लैंडमार्क और अवस्थापना, परिवहन, जल, अपवाह तंत्र, विद्युत संवितरण और सृजन, और आदि सहित, को शामिल करना चाहिए। आवश्यक तत्वों और अतिरिक्त सुविधाओं, जिन्हें क्षेत्र आधारित विकास के हिस्से के रूप में प्रस्तावित किया गया है, को भी शामिल किया जाना चाहिए।** मुख्य रूप से ग्राफिक साधनों का उपयोग करते हुए, प्रस्तावित क्षेत्र आधारित विकास का वर्णन करें, परियोजना की सीमाओं, कनेक्टिविटी, महत्वपूर्ण संबंधों, आदि को भी शामिल किया जाए। (ए-3 साइज की अधिकतम 02 शीट)

प्रस्तावित क्षेत्र आधारित विकास के बारे में कृपया निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दें:

9. किसी क्षेत्र आधारित विकास के लिए अपने विचारों को संक्षेप में बताएं। (अधिकतम 100 शब्द)

10. क्षेत्र आधारित विकास का चयन करने/चिह्नित करने के लिए किस दृष्टिकोण और पद्धति का पालन किया गया है? निम्नलिखित के आधार पर अपनी पसंद के कारणों का उल्लेख

करें: (अधिकतम 1000 शब्द):

क) शहर प्रोफाइल

ख) नागरिक विचार और सहभागिता

ग) चुने गए प्रतिनिधियों के विचार

घ) शहरी योजनाकारों और क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ चर्चा

ङ) आपूर्तिकर्ताओं/भागीदारों के साथ चर्चा

11. आपके क्षेत्र आधारित विकास प्रस्ताव के मुख्य घटक की सूची (उदाहरण के लिए भवन, भू-दृश्य, साइट पर ढांचा, जल पुनर्चक्रण, जल आपूर्ति के लिए दोहरी पाइप लाइन आदि)? (अधिकतम 250 शब्द)

12. प्रस्तावित विकास की 'स्मार्ट' विशेषताओं का वर्णन कीजिए जो शहरी शैली से संबन्धित हैं (उदाहरण के लिए सुव्यवस्थित सार्वजनिक स्थान, मिश्रित उपयोग, खुले स्थान, चलने योग्य) और उनको किस प्रकार शामिल किया जाएगा। (अधिकतम 250 शब्द)

13. तालिका 1 में, भारत सरकार के मिशनों/ कार्यकर्मों/योजनाओं की सूची (उदाहरण के लिए अमृत, हृदय, एसबीएम, आईपीडीएस, सभी के लिए आश्रय, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया) और संबद्ध बाहरी परियोजनाएं और इस बात का उल्लेख करें कि मानव तथा वित्तीय संसाधनों, सामान्य गतिविधियों और लक्ष्यों के संबंध में उक्त के साथ आपका प्रस्ताव किस प्रकार अभिसरण प्राप्त करेगा। (प्रत्येक कोष्ठक के लिए अधिकतम 50 शब्द)

तालिका 1		
क्र.सं.	**मिशन/कार्यक्रम/योजना/परियोजना**	**अभिसरण कैसे प्राप्त करेगा**
1		
2		
3		

14. इस बात का वर्णन करें कि अभिसरण को किस प्रकार कार्यान्वित किया जाएगा? उदाहरण के लिए, आईपीडीएस के साथ अभिसरण तभी विश्वसनीय होगा यदि 'स्मार्ट' सिटी तत्व (उदाहरण के लिए स्मार्ट मीटर प्रणाली, भूमिगत केबल बिछाना, ट्रांसफार्मर का स्थानांतरण) आईपीडीएस के लिए तैयार की जा रही डीपीआर में शामिल किए गए हैं। यदि डीपीआर पहले ही तैयार कर ली गई है तब 'स्मार्ट' कारकों को एक अनुपूरक डीपीआर के रूप में शामिल किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, आईपीडीएस दिशा-

निर्देशों के अनुसार डीपीआर को राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित कराना होगा और उसे विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार को भेजना होगा। ये सभी कार्य प्रस्ताव प्रस्तुत करने से पहले पूरे करने होंगे। (अधिकतम 350 शब्द)

15. कौन से ऐसे तीन सबसे बड़े जोखिम हैं जो क्षेत्र आधारित प्रस्ताव के सफलता को रोक सकते हैं? तालिका 2 में, प्रत्येक जोखिम, इसकी संभावना, संभावित प्रभाव और इसको कम करने के लिए आप क्या प्रस्तावित करते हैं, इन सब का उल्लेख करें। (प्रत्येक कोष्ठक के लिए अधिकतम 50 शब्द)

तालिका 2			
जोखिम	**संभावना**	**प्रभाव**	**कमी करना**

16. आपके क्षेत्र आधारित प्रस्ताव में आवश्यक सुविधाओं के प्राप्त करने की योजना का वर्णन करें। महत्वपूर्ण, विकलांगों के लिए सुलभ बुनियादी ढांचा भी शामिल किया जाना चाहिए। उन आगतों (उदाहरण के लिए संसाधन) की सूची तैयार करें जो आपके द्वारा संचालित की जाने वाली गतिविधियों के लिए आवश्यक होंगे, जिससे परिणाम प्राप्त होंगे। कृपया नोट करें कि सभी आवश्यक तत्वों, मदवार, को क्षेत्र आधारित प्रस्ताव में शामिल किया जाएगा। (अधिकतम 2000 शब्द)

17. क्षेत्र आधारित विकास प्रस्ताव की सफलता सुनिश्चित करने के लिए तीन सबसे अधिक महत्वपूर्ण कारकों का वर्णन करें। यदि वे कारक आपकी सोच से भिन्न निकलते हैं तो आपका शहर क्या करेगा? (अधिकतम 500 शब्द)

18. स्केल-अप और प्रतिकृति के माध्यम से क्षेत्र आधारित विकास प्रस्ताव, क्षेत्र पर और पूरे शहर में, के मापने योग्य क्या प्रभाव होंगे? कृपया अपने शहर और प्रस्तावों के रूप में प्रासंगिक निम्नलिखित प्रकारों के संबंध में वर्णन करें (प्रत्येक के लिए अधिकतम 150 शब्द):

    क) शासन प्रभाव (उदाहरण के लिए, एसपीवी की स्थापना के कारण सेवा के प्रावधान और शुल्क की वसूली में सुधार)।

    ख) स्थानिक प्रभाव (उदाहरण के लिए, अधिक घनत्व या अधिक सार्वजनिक स्थान को शामिल करने के लिए निर्माण के स्वरूप में बदलाव)

    ग) आर्थिक प्रभाव (उदाहरण के लिए, आर्थिक गतिविधियां चलाने के लिए नए वाणिज्यिक स्थानों का निर्माण)

घ) सामाजिक प्रभाव (उदाहरण के लिए प्रस्ताव में शामिल सुलभ सुविधाएं)

ङ) स्थिरता, पर्यावरणीय प्रभाव सहित (उदाहरण के लिए सार्वजनिक स्थलों का 24×7 गहन उपयोग जिस कारण यातायात और प्रदूषण में कमी आती है)

पैन-सिटी प्रस्ताव

एक पैन-सिटी स्मार्ट सोल्यूशन से आईसीटी अनुप्रयोग के माध्यम से पूरे शहर को लाभ पहुंचाना चाहिए और जिसके परिणामस्वरूप स्थानीय शासन तथा जन सेवाओं की सुपुर्दगी में सुधार होगा। एससीपी को इस तरह के एक या दो सोल्यूशन रखने चाहिए। समान्यतया, 'स्मार्टनेस' से अभिप्राय कम साधनों में ज्यादा सुविधाएं प्रदान करना है, वर्तमान ढांचागत संपत्तियों और संसाधनों पर निर्माण और संसाधन कुशल पहल का प्रस्ताव।

पैन-सिटी प्रस्ताव के बारे में कृपया निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए:

19. पैन-सिटी प्रस्ताव के लिए अपने विचारों को संक्षेप में बताएं। (अधिकतम 100 शब्द)

20. अपने पैन-सिटी प्रस्ताव के प्रमुख घटक की सूची दें। (अधिकतम 250 शब्द)

21. पैन-सिटी प्रस्ताव के चयन/चिह्नित करने में अपनाए गए दृष्टिकोण और पद्धति क्या है? निम्नलिखित के आधार पर अपनी पसंद के लिए कारणों का वर्णन करें: (अधिकतम 1000 शब्द):

    क) शहर प्रोफाइल और स्व आकलन

    ख) नागरिकों की राय और सहभागिता

    ग) निर्वाचित प्रतिनिधियों की राय

    घ) शहरी योजनाकारों और क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ चर्चा

    ङ) आपूर्तिकर्ताओं/भागीदारों के साथ चर्चा

22. शासन और जन सेवाओं से संबंधित विशिष्ट मुद्दे क्या हैं, जिनको आपने सिटी प्रोफाइल और नागरिकों की सहभागिता के दौरान चिह्नित किया है जिन्हें आप अपने पैन-सिटी प्रस्ताव के माध्यम से बताना चाहेंगे? इस संबंध में आपका क्या विचार है कि उक्त समाधान उन विशिष्ट मुद्दों और लक्ष्यों को हल करेंगे जिन्हें आपने चिह्नित किया है? (अधिकतम 1000 शब्द)

23. आपका पैन-सिटी प्रस्ताव किस प्रकार समावेशी है? क्या बात इसको ऐसा बनाती है? (अधिकतम 150 शब्द)

24. तीन सबसे बड़े जोखिम क्या हैं जो पैन-सिटी प्रस्ताव की सफलता में अड़चन डाल सकते हैं? तालिका 3 में, प्रत्येक जोखिम, इसकी संभावना, संभावित प्रभाव और इसे कम करने के लिए अपने प्रस्ताव का वर्णन करें। (प्रत्येक कोष्ठक के लिए अधिकतम 50 शब्द)

तालिका 3			
जोखिम	**संभावना**	**प्रभाव**	**कमी करना**

25. दूसरे शहर का कौन सा मॉडल या 'सबसे अच्छी प्रथा' क्या है जिसे आप अपने प्रस्ताव में अपना रहे हैं या आपके प्रस्ताव के अनुकूल है? आप किस प्रकार संसाधनों के सबसे अच्छे उपयोग का नवोन्वेषण और सुनिश्चियन कर रहे हैं? क्या आपके प्रस्ताव में 'मितव्ययी नवाचार' का कोई पहलू है? (अधिकतम 500 शब्द)

26. तालिका 4 में, भारत सरकार के मिशनों/कार्यकर्मों/योजनाओं की सूची (उदाहरण के लिए अमृत, हृदय, एसबीएम, आईपीडीएस, सभी के लिए आश्रय, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया) और संबद्ध बाहरी परियोजनाएं और इस बात का उल्लेख करें कि मानव तथा वित्तीय संसाधनों, सामान्य गतिविधियों और लक्ष्यों के संबंध में उक्त के साथ आपका प्रस्ताव किस प्रकार अभिसरण प्राप्त करेगा। (प्रत्येक कोष्ठक के लिए अधिकतम 50 शब्द)

तालिका 4		
क्र.सं.	**मिशन/कार्यक्रम/योजना/परियोजना**	**अभिसरण कैसे प्राप्त करेगा**
1		
2		
3		

27. इस बात का वर्णन करें कि अभिसरण को किस प्रकार कार्यान्वित किया जाएगा? (अधिकतम 350 शब्द)

28. पैन-सिटी प्रस्ताव की सफलता सुनिश्चित करने के लिए तीन सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारकों का उल्लेख करें। यदि वे कारक आपकी सोच से भिन्न निकलते हैं तो आपका शहर क्या करेगा? (अधिकतम 250 शब्द)

29. आप अपने पैन-सिटी प्रस्ताव को किस प्रकार मापेंगे और जनता लाभों को 'देखने' अथवा 'महसूस' करने में कब सक्षम होगी: तुरंत, 1 वर्ष के भीतर, या मध्यम या लंबी अवधि में, 3-5 वर्षों में? (अधिकतम 150 शब्द)

30.आपके पैन-सिटी प्रस्ताव का मापने योग्य क्या प्रभाव होगा? अपने शहर और प्रस्तावों के प्रासंगिक नीचे दिये गए निम्न प्रकारों के संबंध में जानकारी दें (प्रत्येक के लिए अधिकतम 150 शब्द):

(क) शासन प्रभाव (उदाहरण के लिए, प्राप्त नागरिक शिकायतों पर सरकार की प्रतिक्रिया का समय, सेवा प्रदान करने में पूरी तरह से तेजी लाना)।

(ख) जन सेवाओं पर प्रभाव (उदाहरण के लिए, वातावरण में मच्छर घनत्व की वास्तविक निगरानी जो रुग्णता कम करता है)।

कार्यान्वयन योजना

31. तालिका 5 में, अपने क्षेत्र आधारित विकास और पैन-सिटी समाधान/समाधानों के कार्यान्वयन को पूरा करने के लिए आवश्यक गतिविधियों/कारकों, लक्ष्यों, संसाधनों और समय-सीमा का उल्लेख करें। इसमें विकलांग लोगों के लिए सुलभ ढांचे सहित अन्य 'स्मार्ट' समाधानों के साथ प्रश्न 16 में आवश्यक सुविधाओं के रूप में उल्लिखित मदों को शामिल किया जाना चाहिए। (प्रत्येक कोष्ठक के लिए अधिकतम 50 शब्द)

तालिका 5

क्र.सं.	**गतिविधि/घटक**	**सूचक**	**आधाररेखा (_____तक)**	**लक्ष्य**	**आवश्यक संसाधन**	**पूरा होने की संभावित तिथि**
	क्षेत्र-आधारित विकास					
1						
2						
3, आदि						
	पैन-सिटी सोल्यूशन					
1						
2						

32.तालिका 5 से जानकारी का उपयोग करते हुए, महत्वपूर्ण मील के पत्थर, वास्तविक समय और प्रयासों तथा घटनाओं का अनुक्रमण जो आप अपने स्मार्ट शहर के लिए कम, मध्यम और दीर्घ अवधि परिदृश्यों के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं, का वर्णन करें? यदि आवश्यक हो तो अनुलग्नक 3 में पीईआरटी और सीपीएम चार्ट को शामिल करें। (अधिकतम 500 शब्द)

33.एसपीवी प्रस्ताव के कार्यान्वयन हेतु एक महत्वपूर्ण संस्थान है। उस विशेष प्रयोजन अभिकरण (एसपीवी) का उल्लेख करें जिसे आप अपने शहर में सृजित करना चाहते हैं,

इसकी संरचना और ढांचा, नेतृत्व और प्रशासन, और होल्डिंग पैटर्न के विवरण सहित। तालिका 6 में अपनी प्रतिक्रिया के आधार पर इस बात का वर्णन करें कि मिशन दिशा-निर्देशों में निर्धारित भूमिका को पूरा करने के लिए आप एसपीवी की किस प्रकार कल्पना करते हैं। (अधिकतम 500 शब्द)

तालिका 6 (जांच-सूची: अनुलग्नक 4 में प्रस्तुत किए जाने वाले 1-7 के लिए समर्थन दस्तावेज)		
क्र.सं.	**गतिविधि**	**हाँ/नहीं**
1	स्मार्ट सिटी को अनुमोदित करने संबंधी निगम/परिषद का संकल्प। वितीय योजना सहित योजना।	
2	विशेष प्रयोजन अभिकरण स्थापित करने के लिए निगम/परिषद का संकल्प।	
3	एससीपी के पूरे कार्य-क्षेत्र के कार्यान्वयन और पैन-सिटी तथा क्षेत्र आधारित विकास को बनाए रखने के लिए शहर में विद्यमान सहयोगी निकायों, बोर्ड के साथ अनुबंध।	
4	एसपीवी के लिए प्रारंभिक मानव संसाधन।	
5	एसपीवी के संचालन हेतु संस्थागत व्यवस्था।	
6	यदि शहर में कोई अन्य एसपीवी कार्यरत है तो वर्तमान एसपीवी के साथ संस्थागत व्यवस्था।	
7	समुचित अतिरिक्त दस्तावेज़।	

34. तालिका 7 में, आपके द्वारा चिह्नित सरकारी (केंद्रीय, राज्य/शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) विभाग, सहयोगी संगठनों और सार्वजनिक अभिकरणों, जो परियोजना की प्रत्येक गतिविधि/कारक (क्षेत्र आधारित और पैन-सिटी दोनों) के साथ शामिल होंगी, का विवरण दें। (अनुलग्नक 3 में, एक प्रवाह चार्ट बनाएं जिसमें उन नेटवर्कों/संबन्धों को जिनको एसपीवी द्वारा सरकार और गैर-सरकारी अभिकरणों के साथ गठित किया जाएगा और प्रत्येक अभिकरण के साथ उनके संबन्धों की प्रकृति को भी दर्शाया जाए)। (प्रत्येक कोष्ठक के लिए अधिकतम 50 शब्द)

तालिका 7		
गतिविधि/घटक	**विभाग/अभिकरण/संगठन**	**भूमिका/जिम्मेदारियां**
1		
2		
3		

35. तालिका 8 में, उन सभी निजी कंपनियों/निगमों/संगठनों के विवरण दें जिनकी इस

प्रस्ताव में उल्लिखित विभिन्न गतिविधियों और घटकों के निष्पादन और संचालन तथा रखरखाव में शामिल करने की आवश्यकता होगी, इसके साथ बुनियादी टीओआर के अनुसार उनकी का भी विवरण दें। 'विक्रेता', 'छूट प्राप्तकर्ता', 'संयुक्त उद्यम भागीदार', आदि जैसे उचित शब्दों के प्रयोग करें। (प्रत्येक कोष्ठक के लिए अधिकतम 50 शब्द)

तालिका 8		
गतिविधि/घटक	**कंपनी/निगम/संगठन**	**भूमिका/जिम्मेदारियां (बुनियादी टीओआर)**
1		
2		
3		

36. एक ओरनोग्राम तैयार करें जिसमें उन सभी के बीच के संबंध दर्शाए गए हों जिन्होंने आपके शहर की एससीपी तैयार करने में सहयोग किया है और उनकी भूमिका, यदि कोई है, जिसको वे भविष्य में निभाएंगे:

क) सांसद, विधायक, विधान पार्षद

ख) महापौर, पार्षद, अन्य निर्वाचित प्रतिनिधि

ग) संभागीय आयुक्त

घ) कलेक्टर

ङ) नगर आयुक्त

च) मुख्य कार्यकारी, शहरी विकास प्राधिकरण/सहयोगी अभिकरण

छ) सलाहकार (सम्मिलित सूची से चयन करें)

ज) मार्गदर्शी संगठन (निम्न सूची से चयन करें: विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक, जेआईसीए, यूएसटीडीए, एएफडी, केएफडब्ल्यू, डीएफआईडी, यूएन हैबीटैट, यूनिडो, अन्य)

झ) विक्रेता, पीपीपी पार्टनर्स, वित्तपोषक

ञ) अन्य, (उदाहरण के लिए समुदाय प्रतिनिधि) जो आपके शहर के लिए उचित हो।

वित्तपोषण योजना

बैंक को स्वीकार्य प्रस्ताव तैयार करना स्मार्ट सिटी मिशन में सफलता का एक मुख्य कारक होगा। आपके स्मार्ट सिटी मिशन (एससीपी) के लिए निधियन और वित्तपोषण की उचित मात्रा और प्रकार की व्यवस्था करने के लिए आपको अपनी समग्र रणनीति और पैन-सिटी और क्षेत्र आधारित प्रस्तावों को तैयार करते समय वित्तीय विचार हमेशा ध्यान में रखना

चाहिए। यह अपेक्षित है कि परियोजनाओं को निधीयन और वित्तपोषण के नवोन्वेषी साधन आवश्यक होंगे। इस उद्देश्य के लिए, आपको स्वयं वित्त पोषित विकास परियोजनाओं को शुरू करने के लिए शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) और विशेष प्रयोजन अभिकरण (एसपीवी) की क्षमता का मूल्यांकन करना चाहिए, सरकार की अन्य योजनाओं से निधियों की उपलब्धता जो आपके स्मार्ट सिटी मिशन (एससीपी) (प्रश्न 13 और 26 का संदर्भ लें) में शामिल होगी और वित्त जिसे वित्तीय बाजार से लिया जा सकता है।

37. आपके स्मार्ट सिटी प्रस्ताव की कुल लागत क्या है (एससीपी)? प्रश्न 31 में चिह्नित प्रत्येक गतिविधि/घटक की लागत का विस्तार से वर्णन करें। (टेबल के साथ अधिकतम 300 शब्द)

38. वित्त के स्रोतों का विवरण दें, स्वः आय के साधन, केंद्रीय अथवा राज्य सरकार की वित्तीय योजनाएँ जिनके लिए आपका शहर/एसपीवी पात्र है, जिसका उपयोग एससीपी प्रस्ताव को निधि प्रदान करने तथा ऋण वापसी के लिए किया जा सकता है। यूएलबी को वित्तीय रूप से आत्म-निर्भर बनाने के लिए संसाधनों में सुधार हेतु के संक्षिप्त कार्य योजना का उल्लेख करें। (ए-4 साइज की अधिकतम 3 शीट)

39. आपके क्षेत्र आधारित विकास और आपके पैन-सिटी समाधान के लिए पूरे जीवन काल की अनुमानित लागत क्या है? जहां लागू हो ओ एंड एम लागतों को जोड़ें। (अधिकतम 500 शब्द; ए3 साइज की अधिकतम 2 शीट पर मुद्रित स्प्रेडशीट भी प्रस्तुत कर सकते हैं)

40. आपके शहर के क्षेत्र आधारित विकास और पैन-सिटी स्मार्ट समाधान को किस प्रकार वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी? यदि आप ऋण लेना चाहते हैं अथवा बॉन्ड जारी करना चाहे हैं तो ऋण वासपी के लिए किन राजस्व संसाधनों का उपयोग किया जाएगा? (अधिकतम 250 शब्द)

41. प्रश्न 31 में चिह्नित प्रत्येक गतिविधियों/घटकों के लिए संचालन और रखरखाव लागत को शामिल करने की आपकी क्या योजना है? (ए-4 साइज की अधिकतम 2 शीट)

42. आपके स्मार्ट सिटी कार्यसूची के लिए वित्तीय समय-सीमा क्या है? निधि के प्रवाह, ऋण वापसी प्रतिबद्धताओं आदि के संबन्धित माइलस्टोन्स और लक्ष्यों की तारीखों का उल्लेख करें, जिनका तालिका 5 (प्रश्न 31) में निर्धारित विजन को प्राप्त करने के प्रस्ताव के लिए अनुपालन किया जाना चाहिए? (अधिकतम 1 पृष्ठः ए4 साइज)

43. वित्तीय जोखिमों को कम करने के लिए आपकी क्या योजना है? यदि वित्तीय अनुमान सफल नहीं होते हैं तो क्या आपके पास कोई वैकल्पिक अथवा उसे छोड़ने की कोई योजना है? (अधिकतम 250 शब्द)

अनुलग्नक 1

स्मार्ट सिटी की विशेषताएं

	विशेषता	परिभाषा
1	नागरिक भागीदारी	एक स्मार्ट सिटी सभी को अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए अपने नागरिकों के विचारों को शामिल करते हुए इसकी रणनीतियों को निरंतर आकार देता है और कार्यप्रणालियों में बदलाव करता रहता है। (दिशानिर्देश 3.1.6)
2	पहचान और संस्कृति	एक स्मार्ट सिटी की एक विशिष्ट पहचान होती है, जो इसे अन्य सभी शहरों से अलग करती है, कुछ मुख्य पहलुओं के आधार पर: इसका स्थान या जलवायु; इसके अग्रणी उद्योग, इसकी सांस्कृतिक विरासत, इसकी स्थानीय संस्कृति और भोजन, या अन्य कारक। यह पहचान प्रश्न का आसान उत्तर देने में सहायता करती है "इस शहर में ही क्यों अन्य किसी शहर में क्यों नहीं?" एक स्मार्ट सिटी अपनी अनूठी पहचान और संस्कृति का लाभ उठता है और उसे बढ़ावा देता है। (दिशानिर्देश 3.1.7)
3	अर्थव्यवस्था और रोजगार	एक स्मार्ट सिटी के पास एक मजबूत और लचीला आर्थिक आधार और विकास की रणनीति होती है जो बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करता है और अपने अधिकतर नागरिकों के लिए अवसरों में वृद्धि करता है। (दिशानिर्देश 2.6 एवं 3.1.7 तथा 6.2)
4	स्वास्थ्य	एक स्मार्ट सिटी अपने सभी नागरिकों के लिए स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँच उपलब्ध कराता है। (दिशानिर्देश 2.5.10)
5	शिक्षा	एक समर्थ सिटी शहर के सभी बच्चों को स्कूल जाने और शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराता है। (दिशानिर्देश 2.5.10)
6	मिश्रित उपयोग	एक स्मार्ट सिटी के पास एक ही स्थान पर उपयोग के लिए विभिन्न प्रकार की भूमि होती है; जैसे कि कार्यालय, आवास, और दुकानें, एक ही स्थान पर स्थित होती हैं। (दिशानिर्देश 3.1.2 एवं 3.1.2)
7	सघनता	एक स्मार्ट सिटी सघन और घने विकास को बढ़ावा देता है, जहां पर भवन सार्वजनिक परिवहन से 10 मिनट पैदल की दूरी पर होते हैं और संकेंद्रित पड़ोस बनाने के लिए एक स्थान पर स्थित होते हैं और वाणिज्य तथा सेवाओं की गतिविधियों का केंद्र होते हैं। (दिशानिर्देश 2.3 एवं 5.2)
8	खुले स्थान	एक स्मार्ट सिटी में पर्याप्त और उपयोगी खुले सार्वजनिक स्थान होते हैं, जिनमें से अनेक में हरियाली होती है, जो सभी आयु समूह के लोगों

	विशेषता	परिभाषा
		के लिए अभ्यास और बाहरी मनोरंजन को बढ़ावा देते हैं। विभिन्न आकारों के सार्वजनिक खुले स्थान पूरे शहर में फैले होते हैं ताकि सभी नागरिक उसका लाभ उठा सकें। (दिशानिर्देश 3.1.4 एवं 6.2)
9	आवास और समग्रता	एक स्मार्ट सिटी में सभी आय समूहों के लिए पर्याप्त आवास होते हैं और सामाजिक समूहों के बीच समन्वय को बढ़ावा देता हैं। (दिशानिर्देश 3.1.2)
10	परिवहन और गतिशीलता	एक स्मार्ट सिटी में इधर-उधर जाने के लिए किसी मोटर वाहन की आवश्यकता नहीं होती; दूरी बहुत कम होती है, भवनों तक फुटपाथों द्वारा पहुंचा जा सकता है और पारगमन विकल्प बहुतायत में होते हैं और सभी आय स्तर के लोगों के लिए आकर्षक होते हैं। (दिशानिर्देश 3.1.5 एवं 6.2)
11	पैदल चलने योग्य	एक स्मार्ट सिटी की सड़कें पैदल चलने वालों, साइकिल पर चलने वालों और वाहनों के लिए समान रूप से डिजाइन की हुई होती हैं; और सड़क के डिजाइन में सड़क सुरक्षा और फुटपाथों को प्रमुख महत्व दिया जाता है। ट्रेफिक सिग्नल पर्याप्त मात्रा में होते हैं और यातायात के नियमों का पालन किया जाता है। घूमने को प्रोत्साहित करने के लिए दुकानें, भोजनालय, भवनों के प्रवेश द्वार और पेड़ों के लिए लाइन बनायी गई है और वहाँ पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था होती है ताकि पैदल यात्री दिन और रात में सुरक्षा का अनुभव कर सकें। (दिशानिर्देश 3.1.3 एवं 6.2)
12	आईटी कनेक्टिविटी	एक स्मार्ट सिटी में एक मजबूत इंटरनेट नेटवर्क होता है जिसके द्वारा सभी कार्यालयों और आवासों को इच्छा अनुसार हाई-स्पीड कनेक्सन दिये जाते हैं। (दिशानिर्देश 6.2)
13	सुबोध सरकारी सेवाएं	एक स्मार्ट सिटी में अपने नागरिकों के साथ बातचीत को आसान (ऑनलाइन और टेलीफोन सेवाओं के माध्यम सहित) बनाया जाता है, सरकार के साथ बातचीत करने में देरी और कुंठा को समाप्त किया जाता है। (दिशानिर्देश 2.4.7 और 3.1.6 और 5.1.4 और 6.2)
14	ऊर्जा आपूर्ति	एक स्मार्ट सिटी में 24 घंटे विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति की जाती है और आपूर्ति के लिए अनुरोध पर कोई देरी नहीं होती। (दिशानिर्देश 2.4)
15	ऊर्जा स्रोत	एक स्मार्ट सिटी में कम से कम 10% विद्युत नवीकरणीय साधनों द्वारा उत्पन्न की जाती है। (दिशानिर्देश 6.2)
16	जल आपूर्ति	एक स्मार्ट सिटी में 24 घंटे पानी की विश्वसनीय आपूर्ति होती है

	विशेषता	परिभाषा
		जिसमें राष्ट्रीय और वैश्विक मानकों का पालन किया जाता है। (दिशानिर्देश 2.4 एवं 6.2)
17	अपशिष्ट जल प्रबंधन	एक स्मार्ट सिटी में उन्नत जल प्रबंधन व्यवस्था होती है, इसमें स्मार्ट मीटर, वर्षा जल संचयन, और वर्षा जल अपवाह प्रबंधन के लिए ग्रीन ढांचा शामिल है/पेड़-पौधे लगाना शामिल है। (दिशानिर्देश 6.2)
18	जल गुणवत्ता	एक स्मार्ट शहर में जल निकायों और जलवाही स्तर के प्रदूषण को रोकने के लिए सभी वाहित मल को उपचारित किया जाता है। (दिशानिर्देश 2.4)
19	वायु गुणवत्ता	एक स्मार्ट सिटी हवा गुणवत्तायुक्त होती है जो हमेशा अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों को पूरा करती है। (दिशानिर्देश 2.4.8)
20	ऊर्जा दक्षता	एक स्मार्ट सिटी भवनों, स्ट्रीट लाइट, और परिवहन प्रणालियों में अत्याधुनिक ऊर्जा दक्षता प्रथाओं को बढ़ावा देता है। (दिशानिर्देश 6.2)
21	भूमिगत बिजली के तार	स्मार्ट सिटी में तूफान के कारण बिजली जाने और अंधकार से बचने के लिए एक भूमिगत बिजली के तारों की प्रणाली होती है। (दिशानिर्देश 6.2)
22	स्वच्छता	एक स्मार्ट सिटी में कोई खुले में शौच नहीं करता, और जनसंख्या के आधार पर शौचालयों की पर्याप्त संख्या होती है। (दिशानिर्देश 2.4.3 एवं 6.2)
23	अपशिष्ट प्रबंधन	एक स्मार्ट सिटी में एक अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली होती है जो घरेलू और वाणिज्यिक कचरे को उठती है और इसका पर्यावरण और आर्थिक रूप से उचित ढंग से निपटान करती है। (दिशानिर्देश 2.4.3 एवं 6.2)
24	सुरक्षा	एक स्मार्ट सिटी में उच्च स्तरीय सार्वजनिक सुरक्षा होती है, विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों पर ध्यान केंद्रित; पुरुष और सभी उम्र की महिलाएं चौबीसों घंटे सड़कों पर सुरक्षित महसूस करते हैं। (दिशानिर्देश 6.2)

स्व-मूल्यांकन प्रपत्र

A	B	C	D	E	F	G	H	I	J	K
	Feature	Definition	Scenario 1 (BASE)	Scenario 2	Scenario 3	Scenario 4 (ADVANCED)	Self-assessment of the city (for Pan-City Solution) with regard to each feature	Basis for assessment and/or quantitative indicator (Optional - only if data	Projection of 'where the city wants to be' with regard to the feature/indicator	Input/Initiative that would move the city from its current status to Advanced status (Scenario 4: Column G)
1	Citizen participation	**A smart city constantly shapes and changes course of its strategies incorporating views of its citizen to bring maximum benefit for all. (Guideline 3.1.6)**	The City begins identifies priorities and projects to pursue without consulting citizens.	City undertakes citizen participation with some select stakeholders. The findings are compiled and incorporated in some projects or programs. Very few major decisions are shared with citizens until final projects are unveiled.	City conducts citizen engagement at city level and local area level with most stakeholders and in most areas. The findings are compiled and incorporated in projects or programs.	City constantly conducts citizen engagement with people at each Ward level to incorporate their views, and these shape priorities and development projects in the city. Multiple means of communication and getting feedback such, both face-to-face and online are utilised. The effectiveness of city governance and service delivery is constantly enhanced on the basis of feedback from citizens.				
